पटल पर रखने के लिए ? सरकार सीरियस नहीं है दिल्ली नगर निगम के चुनाव कराने के लिए।

श्री पी. एम. सईद: डिले इसलिए है, एक बात तो यह है कि इलेक्शन कराने के लिए जितने पैरा मिलिट्री फोर्स की जरूरत थी, उतने नहीं था और एक बात और है कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक डिसीजन दिया है और उसमें उन्होंने कहा है कि जो इलेक्टरल रोल्स हैं, वे पूरे करने हैं। इसलिए नेशनल केपिटल टेरिटरी की गवर्नमेंट ने एक्सटेंशन के लिए कहा है इस महीने के आखिर तक। इसलिए हम इस सभा से यह पूछना चाहते हैं कि 31 तक. (**व्यवधान**)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : और यह विलम्ब क्यों हुआ, इसके भी कारण बताएं ?

उपसभापति : वही तो बता रहे हैं। विलम्ब इसलिए हुआ कि वह डिले हुआ, जब तक वह तय नहीं हो जाता और ये पेपर यहां रखते तो गलत पेपर रखते और फिर आप कहते कि गलत पेपर रख रहे हैं।

श्री पी. एम. सईद: यही तो बात है। आप पूरा समझे नहीं।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : नहीं, नहीं। नोटिफिकेशन तो इन्होंने 28 फरवरी को जारी कर दिया था . . (**व्यवधान**) . .

श्री पी. एम. सईद : सर्वोच्च न्यायालय ने जो गाइडलाइन दिया है, उसका भी पालन करना है।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : 28 फरवरी को जो नोटिफिकेशन जारी किया था उसमें कोई चेंज नहीं किया है। 28 फरवरी को जो नोटिफिकेशन जारी किया गया था . . (**व्यवधान**) . .

श्री पी. एम. सईद : यह सही है कि 28 फरवरी को नोटिफिकेशन दिया था। हम तो कह रहे हैं, 31 मई तक ही हम पूछ रहे हैं, कि जितनी जल्दी हो सकता है हम इलेक्शन कराने के लिए तैयार हैं, पर है क्या कि सर्वोच्च न्यायालय ने हमें यह गाइडलाइन दिया है कि आप पहले इलेक्टेरल रोल्स पूरा करें और उसके बाद ही यह करें, इसलिए यह एक्सटेंशन मांगा है।

(i) Report of the Comptroller and Auditor General of India for the year ended 31st March, 1994.

(ii) Appropriation Account (1993-94) of Union Government (Civil).

(iii) Finance Account (1993-94) of the Union Government

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MATANG SINGH) on behalf of SHRI M. V. CHANDRASHEKARA MURTHY, I lay on the Table, under clause (1) of article 151 of the Constitution, a copy each (in English and Hindi) of the following papers:—

(i) Report of the Comptroller and Auditor General of India for the year ended the 1st March, 1994 (No. 1 of 1995—Union Government (Civil). (Placed in Library. See No. LT-7471195).

(ii) Appropriation Accounts of Union Government (Civil) for the year 1993-94. (Placed in Library. See No. LT-7472195).

(iii) Finance Accounts of Union Government for the year 1993-94. (Placed in Library. See No. LT-7473195).